## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–06.09.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा–जीएसटी की नई व्यवस्था से खपत बढ़ेगी और पूंजीगत व्यय पर नहीं पड़ेगा प्रभाव।
- धनबाद में एनडीआरएफ का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी, अंगारपथरा केसरपुर वेस्ट मोदीडीह कोलियरी में कल हुए भू धंसान में 10 से अधिक लोगों की मौत, 5 के शव बरामद।
- पलामू मुठभेड़ मामले में टीएसपीसी के जोनल कमांडर शशिकांत सहित छह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज, सर्च अभियान तेज।
- मौसम विभाग का चार दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में गरज के साथ बारिश और वज्रपात का पूर्वानुमान, येलो अलर्ट जारी।
- और विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप की आज से दक्षिण कोरिया के ग्वांगजू में होगी शुरूआत, झारखंड की दीपिका कुमारी समेत भारत की 12 सदस्यीय टीम शामिल।

*******************

केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि वस्तु और सेवा कर – जीएसटी की नई व्यवस्था से नागरिकों के उपभोग में सुधार होगा और इससे पूंजीगत व्यय पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। एक निजी समाचार चैनल से बातचीत में सुश्री सीतारामन ने कहा कि 99 प्रतिशत वस्तुओं और सेवाओं पर अब या तो शून्य या पांच से 18 प्रतिशत तक जीएसटी लगेगा। उन्होंने कहा कि पहली बार केन्द्र सरकार ने जीएसटी पर क्षतिपूर्ति मुआवजा और समग्र प्रस्ताव पारित किया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोलियम और एल्कोहल उत्पाद जीएसटी के दायरे से बाहर होंगे। केन्द्रीय वित्तमंत्री ने बताया कि सरकार उन निर्यातकों की सहायता का प्रयास कर रही है, जिन पर 50 प्रतिशत अमरीकी आयात शुल्क का प्रभाव पड़ा है। निर्मला सीतारामन ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का उद्देश्य न केवल सभी वस्तुओं का देश में उत्पादन करना है बल्कि अनिश्चित वैश्विक व्यापार नीतियों का आत्म सम्मान के साथ सामना करना है।

*******************

केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी के दरों में कटौती किए जाने से जामताड़ा जिले के हर वर्ग के लोगों में खुशी देखी जा रही है। बुद्धिजीवियों, व्यवसाईयों सहित आम जनों ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उठाया गया ऐतिहासिक कदम बताया है। अधिवक्ता प्रदीप केडिया ने इसे आने वाले पर्व त्योहारों के लिए प्रधानमंत्री का उपहार करार दिया।

जीएसटी सुधार की सराहना करते हुए व्यवसायी पंकज वर्मा ने कहा कि जीएसटी की दरों में कमी आने से सभी आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में गिरावट आएगी और आम उपभोक्ता सहज ढंग से अपनी जरूरत के सामानों की खरीदारी कर सकेंगे।

*******************

धनबाद के अंगारपथरा केसरपुर वेस्ट मोदीडीह कोलियरी में कल हुए भू धंसान में 10 से अधिक लोगों की मौत हो गई। कल देर शाम तक चल रेस्क्यू ऑपरेशन में पांच शव मलबे से बाहर निकाले गए। जानकारी दे रहे हमारे धनबाद संवाददाता।

इधर धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो ने घटना के लिए बीसीसीएल प्रबंधन और आउटसोर्सिंग कंपनी को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से इसकी उच्च स्तरीय जांच कराई जाएगी।

*******************

हजारीबाग के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रणजीत कुमार तथा उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने बरही क्षेत्र के जलाशय में मत्स्य पालन के लिए स्थापित केज कल्चर का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने मत्स्य पालकों से संवाद बातचीत कर उनकी कार्यशैली और अनुभवों की जानकारी ली। न्यायाधीश ने केज कल्चर पद्धति से किए जा रहे मत्स्य पालन की सराहना करते हुए कहा कि इस तकनीक से न केवल रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे बल्कि क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*******************

पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र के केदल गांव में पुलिस से मुठभेड़ मामले में टीएसपीसी के जोनल कमांडर शशिकांत गंझू सहित छह उग्रवादियों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी है। मुठभेड़ की घटना के बाद से इलाके में सर्च अभियान तेज है।

*******************

पाकुड़ जिले के चयनित 447 अनुसूचित जनजाति बहुल गांवों की दशा और दिशा बदलने का काम आदि कर्मयोगी अभियान करेगा।

*******************

मौसम विभाग ने चार दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में गरज के साथ बारिश और वज्रपात का पूर्वानुमान जताया है । रांची मौसम केन्द्र ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

*******************

विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप आज से दक्षिण कोरिया के ग्वांगजू में शुरू हो रही है। इसमें झारखंड की दीपिका कुमारी समेत भारत की 12 सदस्यीय टीम भाग ले रही है।

*******************

झारखंड के अंडर 17 वर्ग के 19 खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने हल्द्वानी के लिए रवाना हुए, उत्तराखंड फेंसिंग एसोसिएशन द्वारा 20वां कैडेट नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप का आयोजन हल्द्वानी के इंदिरा गांधी अंतराष्ट्रीय स्टेडियम में 8 से 13 सितंबर तक होगा। टीम में रांची और रामगढ़ के चयनित खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इधर चीन में चल रहे एशिया कप में भारतीय महिला हॉकी टीम ने थाईलैंड को 11–शून्य से पराजित की। झारखंड,सिमडेगा की ब्यूटी डुंगडुंग ने दो गोल और संगीता कुमारी ने एक गोल किए

*******************

अखबारों की सुर्खियां–

- रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने धनबाद में बीसीसीएल क्षेत्र में हादसे की खबर को अपनी सुर्खी बनाई है ।
- दैनिक जागरण ने लिखा है–भू–धंसान से पांच मजदूरों की गई जान।
- दैनिक भास्कर ने लिखा है–जीएसटी कटौती का पूरा फायदा मिले, सरकार इसकी सख्त निगरानी करेगी।
- हिन्दुस्तान की सुर्खी है–भारत ने ट्रंप के सलाहकार की टिप्पणी को भ्रामक कहा।
- प्रभात खबर ने लिखा है–हाईकोर्ट ने कहा–सदर अस्पताल के पास एंबुलेंस फंसी तो ट्रैफिक एसपी और सीएस जिम्मेदार।

***************